# पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

## मांग संख्या 71

## पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2003-2004 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | संशोधित 2003-2004 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2004-2005 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व | | ... | 8128.28 | 8128.28 | ... | 6584.00 | 6584.00 | ... | 3573.42 | 3573.42 |
| *पूंजी* | | ... | ... | ... | *319.36* | ... | *319.36* | ... | ... | ... |
| **जोड़** | | **...** | **8128.28** | **8128.28** | **319.36** | **6584.00** | **6903.36** | **...** | **3573.42** | **3573.42** |
| 1. सचिवालय-आर्थिक सेवाएं | 3451 | ... | 8.28 | 8.28 | ... | 8.00 | 8.00 | ... | 10.42 | 10.42 |
| 2. *प्रशासित मूल्य तंत्र पश्च सब्सिडी और अन्य व्यय* | | | | | | | | | | |
| 2.01 घरेलू एलपीजी और सा.वि.यो. के लिए केरोसिन पर सब्सिडी | 2802 | ... | 6300.00 | 6300.00 | ... | 6292.44 | 6292.44 | ... | 3500.00 | 3500.00 |
| 2.02 भाड़ा संबंधी सब्सिडी | 2802 | ... | 246.00 | 246.00 | ... | 79.32 | 79.32 | ... | 59.00 | 59.00 |
| 2.03 विदेशी एयरलाइनों को एटीएफ की बिक्री के लिए क्षतिपूर्ति | 2802 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 2.04 अवसूलनीय करों के लिए क्षतिपूर्ति | 2802 | ... | 1570.00 | 1570.00 | ... | 200.99 | 200.99 | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *...* | *8116.00* | *8116.00* | *...* | *6572.75* | *6572.75* | *...* | *3559.00* | *3559.00* |
| 3. पेट्रोलियम विनियामक बोर्ड | 2802 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 2.00 | 2.00 |
| 4. अपमिश्रणरोधी प्रकोष्ठ | 2802 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 |
| 5. प्रशासित मूल्य तंत्र के अंतर्गत तेल कम्पनियों को उनके दावों के निपटान में जारी बांड | 2802 | ... | ... | ... | ... | 348.63 | 348.63 | ... | ... | ... |
| घटाइएः तेल कम्पनियां द्वारा जमा की गई राशियां | 8012 | ... | ... | ... | ... | -348.63 | -348.63 | ... | ... | ... |
| | *निवल* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 6. मज़गांव को सब्सिडी का भुगतान | 2802 | ... | ... | ... | ... | 0.25 | 0.25 | ... | ... | ... |
| 7. सरकारी उद्यमों में निवेश भारतीय तेल निगम द्वारा बोनस शेयरों का निर्गम | 4802 | ... | ... | ... | 319.36 | ... | 319.36 | ... | ... | ... |
| ***कुल जोड़*** | | ***...*** | ***8128.28*** | ***8128.28*** | ***319.36*** | ***6584.00*** | ***6903.36*** | ***...*** | ***3573.42*** | ***3573.42*** |

| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **I. *पैट्रोलियम क्षेत्रः*** | | | | | | | | | | |
| 7.01 तेल और प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन लि. | 12802 | ... | 13223.25 | 13223.25 | ... | 10624.70 | 10624.70 | ... | 10000.00 | 10000.00 |
| 7.02 भारतीय गैस प्राधिकरण लि. | 12802 | ... | 2727.18 | 2727.18 | ... | 3741.56 | 3741.56 | ... | 3461.00 | 3461.00 |
| 7.03 हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 12802 | ... | 750.00 | 750.00 | ... | 240.00 | 240.00 | ... | 1098.00 | 1098.00 |
| 7.04 भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 800.00 | 800.00 | ... | 724.90 | 724.90 | ... | 550.00 | 550.00 |
| 7.05 चेन्नई पेट्रोलियम कारपोरेशन | 12802 | ... | 850.00 | 850.00 | ... | 850.00 | 850.00 | ... | 209.90 | 209.90 |
| 7.06 कोची रिफाइनरीज लि. | 12802 | ... | 85.00 | 85.00 | ... | 64.00 | 64.00 | ... | 212.00 | 212.00 |
| 7.07 बोगाईगांव रिफाइनरी एंड पैट्रो-कैमिकल्स लि. | 12802 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | 2.45 | 2.45 | ... | 14.00 | 14.00 |
| 7.08 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 2450.00 | 2450.00 | 319.36 | 2220.54 | 2539.90 | ... | 2805.00 | 2805.00 |
| 7.09 आयल इंडिया लिमिटेड | 12802 | ... | 1000.00 | 1000.00 | ... | 940.00 | 940.00 | ... | 975.00 | 975.00 |
| 7.10 नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. | 12802 | ... | 60.00 | 60.00 | ... | 24.00 | 24.00 | ... | 110.00 | 110.00 |
| 7.11 आई.बी.पी. कं. लि. | 12802 | ... | 125.00 | 125.00 | ... | 125.00 | 125.00 | ... | 158.00 | 158.00 |
| 7.12 तेल एवं प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन विदेश लि. | 12802 | ... | ... | ... | ... | 3871.21 | 3871.21 | ... | 3602.90 | 3602.90 |
| 7.13 मंगलौर रिफाइनरीज़ एंड पैट्रोकैमिकल्स लि. | 12802 | ... | ... | ... | ... | 145.00 | 145.00 | ... | 380.00 | 380.00 |
| **जोड़ - पैट्रोलियम क्षेत्र** | | **...** | **22080.43** | **22080.43** | **319.36** | **23573.36** | **23892.72** | **...** | **23575.80** | **23575.80** |
| **II. *पैट्रो-रसायन क्षेत्रः*** | | | | | | | | | | |
| 7.14 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. | 12856 | ... | 452.32 | 452.32 | ... | 690.27 | 690.27 | ... | 1117.00 | 1117.00 |
| 7.15 भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 12856 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 |
| 7.16 चेन्नई पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि. | 12856 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 0.10 | 0.10 |
| 7.17 बोंगाईगांव रिफाइनरी और पैट्रो-केमिकल्स लि. | 12856 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 2.05 | 2.05 | ... | 6.00 | 6.00 |

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2003-2004 | | | संशोधित 2003-2004 | | | बजट 2004-2005 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
| 7.18 भारतीय गैस प्राधिकरण लि. | 12856 | ... | 177.62 | 177.62 | ... | 114.44 | 114.44 | ... | 283.00 | 283.00 |
| **जोड़ - पैट्रो-रसायन क्षेत्र** | | **...** | **633.04** | **633.04** | **...** | **806.86** | **806.86** | **...** | **1406.20** | **1406.20** |
| **III. *इंजीनियरी क्षेत्रः*** | | | | | | | | | | |
| 7.19 बामर लारी एण्ड कम्पनी लि. | 12858 | ... | 15.00 | 15.00 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | 13.00 | 13.00 |
| 7.20 बीको लारी लि. | 12858 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 5.00 | 5.00 |
| **जोड़-इंजीनियरी क्षेत्र** | | **...** | **18.00** | **18.00** | **...** | **13.00** | **13.00** | **...** | **18.00** | **18.00** |
| **जोड़** | | **...** | **22731.47** | **22731.47** | **319.36** | **24393.22** | **24712.58** | **...** | **25000.00** | **25000.00** |
| **ग. आयोजना परिव्यय** | | | | | | | | | | |
| 1. पैट्रोलियम | 12802 | ... | 22080.43 | 22080.43 | 319.36 | 23573.36 | 23892.72 | ... | 23575.80 | 23575.80 |
| 2. पैट्रो-रसायन | 12856 | ... | 633.04 | 633.04 | ... | 806.86 | 806.86 | ... | 1406.20 | 1406.20 |
| 3. इंजीनियरी | 12858 | ... | 18.00 | 18.00 | ... | 13.00 | 13.00 | ... | 18.00 | 18.00 |
| **जोड़** | | **...** | **22731.47** | **22731.47** | **319.36** | **24393.22** | **24712.58** | **...** | **25000.00** | **25000.00** |

1. **सचिवालयः** इसके अन्तर्गत मंत्रालय के सचिवालय के व्यय के लिए प्रावधान किया गया है।

2. **प्रशासित मूल्य तंत्र पश्च सब्सिडी और अन्य व्ययः**

2.01 और 2.02 **घरेलू एल.पी.जी एवं पी.डी.एस किरोसिन तेल तथा मालभाड़े पर राजसहायताः** एपीएम के विखण्डन के साथ (i)घरेलू एलपीजी एवं पीडीएस किरोसिन तेल पर राजसहायता तथा (ii) सुदूर क्षेत्रों के लिए घरेलू एलपीजी एवं पीडीएस किरोसिन तेल पर मालभाड़े के लिए राजसहायता, का प्रावधान किया गया है।

3. **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्डः:** उपभोक्ता हितों के संरक्षण सहित पश्च एपीएम पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र को विनियमित करने हेतु गठित किए जाने वाले बोर्ड पर स्थापना संबंधी व्यय के लिए प्रावधान किया गया है।

4. **मिलावट निरोधक प्रकोष्ठः** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणधीन इस मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में मिलावट निरोधक प्रकोष्ठ की स्थापना (i) पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री में मिलावट तथा अन्य कदाचार की रोकथाम (ii) खुदरा आउटलेटों/एलपीजी डिस्ट्रीव्यूटरों के बेनामी प्रचालनों की रोकथाम तथा (iii) विक्रेता चयन बोर्डों के विरुद्ध-शिकायतों की जांच का संचालन सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

7. **सरकारी उद्यमों में निवेश**

7.01 **तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि.(ओ.एन.जी.सी)**: तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि. (ओएनजीसी) की स्थापना देश के पेट्रोलियम संसाधनों, तटीय और अपतटीय दोनों की खोज और दोहन करने के कार्यक्रमों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के उद्देश्य से की गई थी। तेल और प्राकृतिक गैस निगम तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनेक परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। परिव्यय में सर्वेक्षण, अन्वेषणात्मक और विकासात्मक ड्रिलिंग, पूंजी अधिग्रहण, भागीदारी, व्यवहार्यता अध्ययन आदि के लिए प्रावधान शामिल हैं।

7.02 **भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेडः** भारतीय गैस प्राधिकरण लि. की स्थापना प्राकृतिक गैस के संसाधन, संवहन तथा विपणन जैसे कार्यों की व्यवस्था के लिए की गई थी । क्रियान्वित की जा रही प्रमुख परियोजनाओं में ये शामिल हैं – एल.पी.जी. पाइपलाइन दूरसंचार संपर्को का उन्नयन, एच.बी.जे. का विस्तार, एलएलडीपीई की डी-बाटलनेकिंग, अपस्ट्रीम व्यवसाय विकास गतिविधियों में भागीदारी आदि।

7.03 **हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लि.(एच.पी.सी.एल)** : इस कम्पनी का मुख्य उद्देश्य कच्चे तेल का शोधन करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन करना है। यह कंपनी विभिन्न स्थानों पर बाटलिंग संयंत्रों, कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइन, पंजाब रिफाइनरी और कच्चे तेल की पाइपलाइन, विशाख और मुंबई रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना, तेल की खोज और उत्पादन आदि जैसी परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है।

7.04 **भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेडः** इस कंपनी के उद्देश्य मुख्यतया कच्चे तेल का शोधन करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन तथा वितरण करना है। कम्पनी ने अपनी वार्षिक योजना में भारत ओमान शोधनशाला में निवेश, जेएनपीटी में पीओएल जेट्टी, विभिन्न स्थानों पर बाटलिंग संयंत्रों, उच्च गुणवत्ता वाले एलओबी के उत्पादन, परिशोधनशाला आधुनिकीकरण, उत्पाद पाईपलाईनों, आदि के लिए प्रावधान किया है।

7.05 **चेन्नई पेट्रोलियम कार्पोरेशन (सी.पी.सी.एल)ः** इस कम्पनी की स्थापना शोधनशाला स्थापित करने तथा चलाने के उद्देश्य से की गई थी। इस कम्पनी द्वारा क्रियान्वित की जा रही मुख्य परियोजनाओं में उत्पाद गुणवत्ता सुधार, एचएसडी, शोधनशाला विस्तार, एफसीसीयू डी-बोटलनेकिंग आदि हैं।

7.06 **कोची रिफाईनरीज लि.** : इस कपंनी की स्थापना कच्चे तेल का शोधन करने तथा विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करने के लिए की गई थी। कंपनी की वार्षिक आयोजना में डी.एच.डी.एस परियोजना, शोधनशाला का आधुनिकीकरण, अतिरिक्त एल.पी.जी. रिकवरी सुविधाओं, कच्चे तेल की प्राप्ति की सुविधाएं आदि जैसी परियोजनाओं के लिए प्रावधान शामिल है।

7.07 **बोंगाईगांव रिफाइनरी और पैट्रो-केमिकल्स लि.**: इस कम्पनी की स्थापना कच्चे तेल का शोधन आदि करने के लिए की गई थी। आयातित कच्चे तेल के भण्डारण, सीपीपी में विद्युत वितरण प्रणाली के सुधार, ईआरपी क्रियान्वयन के लिए प्रावधान किया गया है।

7.08 **भारतीय तेल निगम लि.(आई.ओ.सी.)**: भारतीय तेल निगम लि. पाइपलाइनों का प्रचालन करता है तथा आयातित एवं देशीय कच्चे तेल का शोधन करता है और पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन करता है। इसकी गुवाहाटी, बरौनी, कोयाली, हल्दिया, मथुरा तथा दिगबोई में शोधनशालाएं हैं। वार्षिक योजना परिव्यय में पानीपत शोधनशाखा का विस्तार, पूर्वी क्षेत्र में आधारभूत रिफाइनरी (पारादीप रिफाइनरी), उत्पाद गुणवत्ता सुधार तथा रिफाइनरियों के आधुनिकीकरण के लिए व्यवस्था शामिल है।

7.09 **आयल इण्डिया लि.(ओ.आई.एल)**: आयल इण्डिया लि. देश में तेल की खोज और उत्पादन में लगा है। इसने ड्रिलिंग और सर्वेक्षणों, समुद्रपारीय अन्वेषण विकास परियोजनाओं, एनईएलपी भागीदारी, आदि के लिए प्रावधान किया है।

7.10 **नुमालीगढ़ रिफाइनरी (एन.आर.एल.)** : यह आई.बी.पी. कंपनी लि., भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि. तथा असम सरकार की एक संयुक्त उद्यम कम्पनी है। वार्षिक योजना में एमएस परियोजना, मोम के संयत्र, यूरो III एचएसडी में सुधार के लिए प्रावधान किया गया है।

7.11 **आई.बी.पी. कम्पनी लि.(आई.बी.पी.)**: यह कम्पनी पैट्रोलियम उत्पादों के विपणन तथा हाई वैक्यूम उपस्करों और विस्फोटक पदार्थो के विनिर्माण में लगी है।

7.12 **ओ.एन.जी.सी. विदेश लिमिटेड (ओ.वी.एल.)**: ओ.वी.एल. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (ओ.एन.जी.सी.) के पूर्ण स्वामित्वाधीन एक सहायक कंपनी है तथा विदेशों में विकास क्षेत्रों के अधिग्रहण द्वारा अथवा अन्वेक्षण उद्यमों के माध्यम से इक्विटी तेल लाने के लिए उत्तरदायी है। कंपनी वियतनाम, यू.एस.एस.आर., इराक, सूडान आदि में अपने हितों का परिशीलन कर रही है।

7.13 **मंगलौर रिफाइनरी एंड पैट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एम.आर.पी.एल.)**: यह ओ.एन.जी.सी. की एक सहायक कंपनी है। वार्षिक योजना में यूरो परियोजनाओं (यूरो III), मिश्र जाइलीन परियोजनाओं, वैरिएबल स्पीड ड्राइव आदि के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं।

7.19 **बामर लारी लि.**: यह कम्पनी स्नेहन ग्रीज़ और ल्यूब बैरलों का निर्माण करती है, चाय का निर्यात, उत्पादों का विपणन तथा यात्रा और नौवहन से संबंधित कारोबार करती है।

7.20 **बीको लॉरी लि.** : इस कंपनी का मुख्य कार्यकलाप स्विचगीयरों का विनिर्माण करना है।